क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, मुंगेर प्रमण्डल, मुंगेर।

–: सूचना :–

दिनांक–22.10.2024 की इस प्राधिकार की बैठक में क्रम संख्या–46 आवेदन क्रमांक–24 में अंकित श्री अमरजीत कुमार के वाहन संख्या–BR09PA8532 को निर्गत परमिट संख्या–BR2024-SC-1713A 57/2024-25 के समय सारणी में बेगूसराय में प्रस्थान समय 9:00 के स्थान पर संशोधन कर 8:54 करने हेतु समर्पित आवेदन को श्री नीरज कुमार सिंह के वाहन संख्या– BR43P1809 के परमिट संख्या– BR2023-SC-1060A 19 की आपत्ति के आलोक में अस्वीकृत किया गया।

उक्त आलोक में श्री अमरजीत कुमार द्वारा एक आवेदन समर्पित किया गया कि वाहन संख्या– BR43P1809 का उक्त परमिट बैठक (22.10.2024) के समय अस्तित्व में नहीं था। इस वाहन का नया परमिट श्री सिंह द्वारा प्राप्त कर लिया गया है, जिसकी समय सारणी में बेगूसराय में प्रस्थान समय 8:55 नहीं है।

कार्यालय स्तर से इसकी जाँच की गयी। जाँच के क्रम में पाया गया कि श्री सिंह द्वारा वाहन संख्या– BR43P1809 के लिए नया परमिट संख्या– BR2024-SC-1822A 84/24-25 दिनांक–26.09.2024 को ही प्राप्त कर लिया गया है, जिसके समय सारणी में बेगूसराय में प्रस्थान समय 9:43 है। स्पष्ट है कि दिनांक–22.10.2024 की बैठक के समय वाहन संख्या– BR43P1809 का पुराना परमिट संख्या– BR2023-SC-1060A 19, जिससे आपत्ति की गयी थी, अस्तित्व में ही नहीं था और इस वाहन के वर्त्तमान समय सारणी से उक्त संशोधन के बिन्दु पर कोई टकराव नहीं है।

अतएव श्री सिंह के आपत्ति को खारिज करते हुए श्री अमरजीत कुमार के वाहन संख्या– BR09PA8532 को निर्गत परमिट संख्या–BR2024-SC-1713A 57/2024-25 के समय सारणी में बेगूसराय में प्रस्थान समय 9:00 के स्थान पर 8:54 को संशोधित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष के आदेश से

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुंगेर।

Scanned with CamScanner